सार-समाचार

लाखावास में विद्यार्थियों को शुद्ध पेयजल

रानीवाड़ा, (नि.सं.)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, लाखावास में भामाशाह पुखराज जैन ने विद्यार्थियों के लिए आरओ मय कूलिंग सिस्टम प्रदान किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस आधुनिक पेयजल व्यवस्था की अनुमानित कीमत 1 लाख है, जिससे अब विद्यालय के छात्र-छात्राएं शुद्ध और ठंडा पानी प्राप्त कर सकेंगे। समाज सेवा में अठाणी लाखावास जैन परिवार पुखराज जैन और उनके परिवार ने सदैव समाज सेवा और गौ सेवा में अग्रणी भूमिका निभाई है। लाखावास में संचालित उनकी गौशाला में लगभग 500 गायों की देखभाल की जा रही है। जब उन्होंने विद्यालय का दौरा किया तो देखा कि विद्यार्थी खारा पानी पी रहे थे, इसी समस्या को दूर करने के लिए उन्होंने तत्काल आरओ उपलब्ध कराने की घोषणा की और अब इसे विद्यालय को समर्पित कर दिया गया। समारोह में गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति इस अवसर पर युवा समाजसेवी चेतन सिंह राठौड़, वरिष्ठ अध्यापक दौलाराम, सविता, घेवरचंद पंचाल, मनीष शर्मा, गोकलाराम, प्रवीण राणा, कान्तिलाल, रामसिंह मीना (प्रधानाचार्य, लालपुरा), मनोहर लाल सहित कई विशिष्टजन उपस्थित रहे। जैन परिवार ने राजस्थान का राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करने वाले शूटर खिलाड़ी प्रकाश मेघवाल (कक्षा 10) को गोद लेने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि शारीरिक शिक्षक मनीष शर्मा की ओर से जो भी आवश्यकताएं होंगी, उनकी पूर्ति की जाएगी।

विजय शाह के बयान पर रोष जताया

जालोर, (कासं)। भारतीय सेना की वरिष्ठ अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ भाजपा नेता विजय शाह द्वारा की गई टिप्पणी को जालोर के मौलाना गुलाम अली ने एक सैन्य अधिकारी का अपमान बताया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मौलाना गुलाम अली ने कहा कि कर्नल सोफिया कुरैशी उन गिनी-चुनी महिला अधिकारियों में हैं जिन्होंने संयुक्त राष्ट मिशन में भारत का प्रतिनिधित्व किया है और हाल ही में 'ऑपरेशन सिंदूर' से जुड़ी आधिकारिक मीडिया ब्रीफिंग में सेना की ओर से जिम्मेदारीपूर्वक संवाद किया है। ऐसे समय में जब पूरा देश उनके साहस, गरिमा और योगदान का सम्मान कर रहा है, एक राजनीतिक दल के नेता द्वारा की गई यह टिप्पणी अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। उन्होंने कहा कि कर्नल सोफिया जैसी अधिकारी आज की भारतीय नारी की शक्ति, विवेक और आत्मबल की प्रतीक हैं। उन पर की गई कोई भी अमर्यादित टिप्पणी केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र की भावना का अपमान है। मौलाना गुलाम अली ने भाजपा से मांग की कि वह इस मामले को गंभीरता से लेते हुए विजय शाह के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करे और उन्हें तत्काल पार्टी से निष्कासित करे।

कपूराराम मेघवाल अध्यक्ष बने

जालोर, (कासं)। जालोर के निकट मेघवाल सेवा संस्थान पहाड़पुरा की बैठक आयोजित हुई जिसमे कपूराराम मेघवाल को अध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से कपूराराम गहलोत, प्रशासनिक अधिकारी, उद्योग विभाग को संस्थान का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक में नव-निर्वाचित अध्यक्ष गहलोत ने कार्यकारिणी का गठन भी किया। कार्यकारिणी में कुइयाराम रोणुआ उपाध्यक्ष, थानाराम गहलोत सचिव, गोपाराम गहलोत कोषाध्यक्ष, भंवरलाल गहलोत को प्रचार मंत्री बनाया गया। इसके अतिरिक्त सह-सचिव, सह-कोषाध्यक्ष तथा सलाहकारों की भी नियुक्ति की गई। बैठक में गलबाराम, दिनेश कुमार, मिठाराम, गोपाराम, हस्तीमल, सूरजकुमार, प्रागाराम, देवाराम सहित कई लोग उपस्थित थे। सभी ने नवगठित कार्यकारिणी को बधाई दी और संस्थान के उज्जवल भविष्य की कामना की। नवनियुक्त अध्यक्ष कपूराराम गहलोत ने सभी सदस्यों का आभार प्रकट करते हुए समाज हित में संस्था को सक्रिय और समर्पित रूप से कार्यशील बनाए रखने का संकल्प दोहराया।

भैंरू सिंह शेखावत की पुण्यतिथि मनाई

पाली, (नि.सं.)। भाजपा पाली ने भारतीय जनता पार्टी के आधार स्तंभ व प्रेरणादायी भैरोंसिंह जी शेखावत की पुण्यतिथि मनाई। अम्बेडकर नगर स्थित भैरोंसिंह शेखावत सामुदायिक भवन में आयोजित कार्यक्रम मे उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। जिला प्रवक्ता त्रिलोक चौधरी ने बताया कि कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष सुनील भंडारी ने संबोधित किया। इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष रामकिशोर साबू, शिवपकाश प्रजापत, नारायण कुमावत, तिलोक चौधरी, मडल अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह भाटी, गोपाल बंजारा, सुरेश पंवार, नरपत दवे, पुखराज बंजारा, गौतम यति, अनिलराज चौहान, मुकेश गोस्वामी, मोहित सोलंकी, राहुल मेवाड़ा, अनु सोलंकी, नितिन अमरानी, मनिष जावा, अमोलक शर्मा, प्रमोद सिंह, कल्याण सिंह, अजय वैष्णव सहित कई जने उपस्थित रहे।

रानीवाड़ा में स्कूटी प्रशिक्षण शिविर शुरू

रानीवाड़ा, (नि.सं.)। ग्राम पंचायत क्षेत्र में बोहरा परिवार द्वारा महिलाओं और बालिकाओं के लिए निशुल्क स्कूटी सिखाने का शिविर शुरू किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस पहल के तहत 30 महिलाओं और बालिकाओं ने स्कूटी चलाने का प्रशिक्षण प्राप्त करना प्रारंभ किया। शिविर का आयोजन रामदेव जी मंदिर के आगे किया जा रहा है, जहाँ प्रात: 6 से 7.30 बजे तक स्कूटी सिखाई जाती है। स्कूटी, पेट्रोल और प्रशिक्षकों की पूरी व्यवस्था बोहरा परिवार द्वारा की जाती है। शिविर की प्रशिक्षक दक्षा बोहरा और ममता ने बताया कि यह पहल महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें सड़क पर सुरक्षित रूप से वाहन चलाने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शुरू की गई है। अब तक 500 से अधिक महिलाओं को स्कूटी चलाने का प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इस बार प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाओं को भीनमाल आरटीओ कार्यालय से ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करने में भी सहायता दी जाएगी। बोहरा परिवार के इस कदम को क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है।

फर्जी स्क्रीन शॉट भेजकर 2 लाख उड़ाए

जोधपुर, (कासं)। शहर के चौपासनी हाउसिंग बोर्ड सेक्टर 16 में रहने वाली एक महिला के साथ ठगी हो गई। उसने अपना बैंक खाता तारापुर से जोधपुर ट्रांसफर कराने के लिए गूगल पर नंबर सर्च किए थे। बाद किसी शातिर ने उसे फर्जी स्क्रीन शॉट भेज कर चार बार में दो लाख रूपए उड़ा लिए। मामला 10 मार्च है। पीड़िता ने इस बारे में साइबर पोर्टल पर भी शिकायत दी थी। फिलहाल चौपासनी हाउसिंग बोर्ड इस बारे में पड़ताल कर रही है। थानाधिकारी ईश्वर पारिक ने बताया कि सेक्टर 16/304 में रहने वाली सुमन चौहान पत्नी जयप्रकाश पंवार ने यह रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि उसे अपना एक बैंक खाता तारापुर से जोधपुर ट्रांसफर कराना था। तब उसने गूगल पर संबंधित बैंक के ब्रांच मैनेजर का नंबर सर्च किया। इसका पता शातिर को लग गया और उसने फर्जी तरीके स्क्रीन शॉट भेज दिए। दो दिन में उसके बैंक खाते से चार बार में 2 लाख रूपए पार हो गए। उसके बाद सुमन ने साइबर पोर्टल पर इसकी शिकायत दर्ज कराई। अब पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया गया है।

जालोर के वुशू खिलाड़ी कुचामन रवाना

जालोर, (कासं)। राजस्थान वुशू संघ जालोर के तत्वावधान में 16 से 18 मई तक कुचामन में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय सीनियर वुशू प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जालोर के खिलाड़ी गुरुवार को रवाना हुए। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला वुशू संघ के महासचिव कन्हैयालाल मिश्रा व अध्यक्ष शिवदत्त आर्य ने बताया कि राज्य प्रतियोगिता में जालोर से पुरुषों के 60 किलो वजनवर्ग में राहुल कुमार 65 किलो में दुष्यन्त राव, 70 किलो में भरत कुमार,75 किलो में सुरेन्द्र सिंह व 80 किलो में भावेश सुंदेशा भाग लेंगे। इसी प्रकार महिलाओं के 45 किलो वजनवर्ग में नेहा सुथार, 48 किलो में भावना कुमारी,52 किलो में अनीता कुमारी,56 किलो में नीतू कुमारी,65 किलो में सुनीता चौधरी व 75 किलो में छवि चौधरी भाग लेंगी।टीम कोच प्रितम सिंह राठौड होंगे।सभी खिलाड़ियों को जिला वुशू संघ के पदाधिकारियों ने विजेता होने की शुभकामना संदेश के साथ रवाना किया।

दाना-पानी की व्यवस्था की

जोधपुर, (कासं)। गर्मी में पक्षियों के दाना- पानी के लिए राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कौशलसिंह बेरा, बिड़दनगर, हनवंत नगर, शेरगढ़ के परिसर में स्थित पेड़ों पर स्कूल स्टाफ व विद्यार्थियों द्वारा परिंडे लगाए गए। संस्था प्रधान आईदान राम चौधरी ने बताया कि विद्यालय स्टाफ द्वारा गर्मी के मद्देनजर ध्यान रखते हुए पक्षियों के दाना पानी लिए परिंडे लगाए गए। ग्रीष्मकालीन अवकाश में नियमित भरने की जिम्मेदारी ली गई। इस दौरान विद्यालय स्टाफ हंसा राम, चंदन सिंह राठौड़, अनुप जोशी, लोकेंद्र सिंह व भवानी सिंह उपस्थित रहे।

जोधपुर कलैक्टर ने जनसुनवाई की, 120 प्रकरण दर्ज हुए

जोधपुर, (कासं)। आमजन की समस्याओं की सुनवाई कर उनके त्वरित समाधान व निराकरण की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा नागरिकों को सुशासन उपलब्ध कराने की दृष्टि से गुरुवार को मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर में जिला कलैक्टर गौरव अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित हुई।

जिला कलैक्टर ने समस्याओं की सुनवाई करते हुए तथ्यात्मक जानकारी ली और प्राप्त अभ्यावेदनों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

जिला स्तरीय जनसुनवाई में जिला कलैक्टर गौरव अग्रवाल ने विभिन्न प्रकरणों में संबंधित उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार एवं जिला स्तरीय अधिकारियों को जांच करते हुए उनकी पालना रिपोर्ट जल्द प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने प्रकरणों में विभाग द्वारा की गई कार्यवाही की जानकारी से परिवादी को अवगत करवाने के भी निर्देश दिए।

जिला स्तरीय जनसुनवाई में राजस्व, जोधपुर विकास प्राधिकरण, नगर निगम उत्तर एवं दक्षिण, पुलिस, पंचायतीराज, जोधपुर डिस्कॉम, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खनन विभाग, शिक्षा विभाग, कृषि, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, सहकारिता, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, आरएसआरडीसी, आरयूआईडीपी सहित विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 120 परिवाद प्राप्त हुए।

सभी परिवादों पर सुनवाई करते हुए सभी संबंधित विभागों को जल्द निस्तारण की कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया।

जिला कलैक्टर अग्रवाल ने जनसुनवाई में उपस्थित सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को संपर्क पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के प्रति गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए और कहा कि इनके निस्तारण में किसी भी स्तर पर शिथिलता नहीं रखी जाए।

जिला कलैक्टर ने कहा कि जनसुनवाई में आई परिवेदनाओं का त्वरित और नियमानुसार समाधान करने से आमजन का शासन-प्रशासन में विश्वास बढ़ेगा। जनसुनवाई से आमजन की अपेक्षाओं पर खरा उतरकर ही सुशासन के संकल्पों को साकार किया जा सकता है।

जनसुनवाई में राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की राजस्थान सम्पर्क पोर्टल से प्राप्त लंबित रिपोर्ट एवं टाइम लाइन पेंडेंसी रिपोर्ट के अनुसार विभागवार समीक्षा भी की गई।

जनसुनवाई में जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी,नगर निगम (उत्तर व दक्षिण) के आयुक्त सिद्धार्थ पालानीचामी, अतिरिक्त जिला कलैक्टर प्रथम जवाहर चौधरी, अतिरिक्त जिला कलैक्टर द्वितीय सुरेन्द्र सिंह पुरोहित आदि उपस्थित रहे।

जालोर संवाददाता के अनुसार : एकीकृत परिवाद निवारण प्रणाली ''अटल जन सेवा शिविर'' के तहत जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने गुरूवार को डीओआईटी सभागार में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं राजस्थान संपर्क पोर्टल पर दर्ज परिवेदनाओं की समीक्षा बैठक तथा जिला जन अभियोग एवं सतर्कता समिति की बैठक में आमजन की समस्याओं से रूबरू होकर विभागीय अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने रास्ते से अतिक्रमण हटाने, विद्यालय में सुचारु पेयजल व्यवस्था करवाने, सी.सी. रोड निर्माण, आंधी तूफान से उम्मेदाबाद में क्षतिग्रस्त हुए विद्युत ट्रांसफार्मर को दुरुस्त करने सहित विभिन्न विभागों से जुड़े परिवाद सुनकर मौके पर ही विभागीय अधिकारियों से मामले की जानकारी लेते हुए जल्द से जल्द निस्तारण करने की बात कही।

जनसुनवाई के दौरान कुल 28 परिवाद प्रस्तुत हुए । जिनमें से 5 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया तथा शेष प्रकरणों को सम्पर्क पोर्टल पर संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के लिए निर्देशित किया।

सी.बी.एस.सी. विज्ञान में पर्व जैन, कला में शैलजा सिंह ने प्रथम स्थान पाया

जालोर, (कासं)। सीबीएसई कि ओर से मंगलवार को घोषित किये गए कक्षा दसवीं एवं बाहरवीं के परीक्षा परिणामों में पी.एम. श्री केन्द्रीय विद्यालय जालोर का परीक्षा परिणाम दोनों बोर्ड कक्षाओं में शत प्रतिशत रहा है। बारहवीं कक्षा विज्ञान वर्ग में पर्व जैन, कला संकाय में शैलजा सिंह और कक्षा 10 वीं में धर्मवीर बजाक ने स्कूल में पहला स्थान प्राप्त किया।

इस वर्ष पी.एम. श्री केंद्रीय विद्यालय जालोर की बोर्ड परीक्षाओं में सम्मिलित हुए परीक्षार्थियों में विद्यालय की कक्षा 100वीं में कुल 52 विद्यार्थी इस परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें से 47 छात्र प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए और 2 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त किए। विद्यालय की कक्षा 12वीं (विज्ञान संकाय) में कुल 12 विद्यार्थी इस परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें से सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। 01 विद्यार्थी ने 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त किए। विद्यालय की कक्षा 12वीं (कला संकाय) में कुल 23 विद्यार्थी इस परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें से सभी 23 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। 06 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त किए।

विद्यार्थियों ने प्रसन्नता व्यक्त की एवं अभिभावकों ने प्राचार्य तथा विद्यालय के समस्त शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्राचार्य गोपाल मीना के कुशल नेतृत्व, छात्रों एवं शिक्षकों की कठोर मेहनत के परिणामस्वरुप पी.एम. श्री केन्द्रीय विद्यालय जालोर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। केन्द्रीय विद्यालय संगठन, जयपुर संभाग के उपायुक्त एवं सहायक आयुक्तों के कुशल नेतृत्व, मार्गदर्शन, समस्त शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की कठोर मेहनत के कारण प्राप्त उत्कृष्ट परिणाम के लिए प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया।

प्राचार्य ने विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं जिला कलेक्टर प्रदीप के. गावंडे का विशेष धन्यवाद अर्पित किया जिन्होंने विभिन्न अवसर पर विद्यालय को अपना पूर्ण सहयोग रहा।

अब नरसाणा में जन्म लेने वाली बच्ची कहलाएगी हरित बालिका

जालोर, (कासं)। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार राजसमंद जिले के पिपलांत्री गांव के विकास के मॉडल के आधार पर तैयार की गई सृजन की सुरक्षा ईको फेमिनिज्म योजना का औपचारिक शुभारंभ गुरूवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालोर में विभिन्न अधिकारियों की मौजूदगी में किया गया।

इस योजना का मुख्य उद्देश्य कन्या भ्रूण हत्या को रोकना और बालिका शिक्षा को बढावा देना है। कन्या भ्रूण हत्या समाप्त करने के लिए चयनित ग्राम पंचायत में प्रत्येक बालिका के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में कार्य किया जाएगा। इसके लिए जालोर जिले के सायला पंचायत समिति के नरसाणा ग्राम पंचायत को चयनित किया गया है।

इस योजना के तहत पॉक्सो अपराधों की रोकथाम, पोक्सो अधिनियम के बारे में जागरूकता पैदा करने के साथ साथ पर्यावरण संरक्षण को बढावा देना, महिलाओं में विधिक जागरूकता पैदा करना और जमीनी स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन को मजबूत करना है।

कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के सदस्य सचिव हरिओम अत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारियों को योजना के उद्देश्य के बारे में बताते हुए योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए कार्य करने का आव्हान किया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालोर के सचिव अहसान अहमद ने बताया कि राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से जमीनी स्तर पर ईको फेमिनिज्म को बढावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस योजना के तहत महिला सशक्तिकरण और पर्यावरण संरक्षण के पारस्परिक महत्व को पहचान करना तथा बालिकाओं और महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना है।

इस योजना के तहत पर्यावरण संरक्षण को लेकर गांव प्रत्येक बालिका के जन्म पर 11 पौधे लगाए जाएंगे। इन पौधों की देखभाल और पोषण सामुदायिक भागीदारी से किया जाएगा।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रत्येक जन्म लेने वाली बालिका को एक विशिष्ट पहचान पत्र जारी किया जाएगा। पौधों की व्यवस्था वन विभाग की ओर से की जाएगी। बालिकाओं की शिक्षा को लेकर शिक्षा विभाग की ओर से कार्यवाही की जाएगी।

इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी भैराराम चौधरी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक भगवानाराम चौधरी, वन विभाग के क्षेत्रीय वन अधिकारी भागीरथसिंह, नरसाणा के जोगेंद्रसिंह आदि मौजूद रहे।

डॉ. प्रतिभा ने निरीक्षण किया

जोधपुर, (कासं)। संभागीय आयुक्त डॉ. प्रतिभा सिंह ने गुरुवार प्रात: 9:45 बजे फलौदी जनसुनवाई के लिए प्रस्थान से पूर्व जोधपुर जिले के मारवाड़ मथानिया सैटेलाइट चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपस्थिति रजिस्टर की जांच में 12 अधिकारी एवं कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। इस गंभीर लापरवाही पर डॉ. सिंह ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

डॉ. सिंह ने स्पष्ट किया कि चिकित्सालय का निर्धारित समय प्रात: 8:00 बजे का है, जबकि निरीक्षण के समय कई अधिकारी-कर्मचारी ड्यूटी पर नहीं मिले। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी कार्मिक समयपालन सुनिश्चित करें तथा गैरहाजिर पाए जाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा, जनसेवा में लापरवाही किसी भी स्तर पर अस्वीकार्य है। सभी अधिकारियों को समय की पाबंदी व पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य करना होगा।

अस्पताल परिसर, कॉरिडोर्स एवं गैलेरी में स्वच्छता की व्यवस्था संतोषजनक पाई गई, जिस पर संभागीय आयुक्त ने संतोष प्रकट किया। उन्होंने चिकित्सालय के आपातकाल कक्ष का निरीक्षण करते हुए हीटवेव से प्रभावित रोगियों के लिए की जा रही व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने उपस्थित चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया कि पर्याप्त संख्या में आईस पैक, रिजर्व बेड और आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

कार्यालय नगर परिषद्, जालोर (राज0)

क्रमांकः नपजा/भू०उप०/2025/1209 दिनांक 14.05.2025

भू-उपयोग परिवर्तन बाबत् आपत्तियां आमंत्रण सूचना :-

सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम जालोर में निम्नलिखित आवेदनकर्ता नाम के आगे अंकित विवरण अनुसार जालोर नगरीय क्षैत्र में स्थित खातदोरी/निजी भूमि के भू-उपयोग परिवर्तन के लिए इस कार्यालय में निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रिसोर्ट प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन की मांग की गई। यदि इस भू-उपयोग परिवर्तन से किसी हितबद्ध व्यक्तियों को कोई आपत्ति अथवा ऐतराज हो तो 15 दिवस के अन्दर-अन्दर अपनी आपत्ति लिखित में प्रस्तुत कर सकते है उक्त समयवधि के पश्चात् नियमानुसार भू-उपयोग परिवर्तन कर दिया जायेगा इस प्रकार सूचित रहे।

क्र. सं.	आवेदक खातेदार का नाम व पता	खसरा नं. आवेदित स्थल	आवेदित क्षैत्रफल वर्गमीटर	वर्तमान उपयोग	आवेदित भू-उपयोग परिवर्तन
1	गुणेशसिंह पुत्र जेठुसिंह राजपूरोहित संजय नगर कोलोनी जालोर	जालोर 'ए' 1584	154.73 वर्गमीटर	भूखण्ड मौके पर खाली है	व्यवसायिक
2	मोहनलाल माली पुत्र मनरूप जी माली भीनमाल बाई पास मार्ग रामदेव कोलोनी जालोर	जालोर 'सी' 2145	266.44 वर्गमीटर	भवन बना हुआ है	व्यवसायिक
3	श्रीमती लक्ष्मी मीणा पत्नि छागनलाल मीणा/निवासी भीनमाल बाईपास जालोर	जालोर चक नं.03 6854 3191 मे से	10965.76 वर्गमीटर	भूखण्ड मौके पर खाली है	व्यवसायिक

राज.संवाद/सी/25/2338 आयुक्त

जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक आयोजित

जालोर, (कासं)। जल जीवन मिशन के तहत जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की 35वीं बैठक कलैक्टर प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में बुधवार को सायंकाल कलेक्ट्रेट सभागार में हुई।

बैठक में जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने ओटीएमपी एवं नर्मदा पेयजल परियोजना के प्रोजेक्ट की समीक्षा कर नर्मदा परियोजना के अधीक्षण अभियंता लिच्छूराम चौधरी को लक्ष्यानुसार अधिकतम मासिक नल कनेक्शन जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने एफआर एवं ईआर कलस्टर के संवेदको से प्रगतिरत उच्च जलाशय के निर्माण में लग रहे समय को कम करने के लिए टीम वर्क बढ़ाने पर जोर दिया।

उन्होंने कहा की पाईपलाईनों की टेस्टिंग का कार्य प्राथमिकता के साथ समय पर पूर्ण कर पेयजल सप्लाई सुचारू करें ताकि अधिकतम नल कनेक्शन जोडे.जा सकें। उन्होंने ग्रामीण सड़कों की रिपेयरिंग का कार्य जून माह तक पूर्ण करने की बात कही। जिला कलैक्टर ने नर्मदा के अधीक्षण अभियंता लिच्छूराम चौधरी को कलस्टर वाईज बकाया सिविल कार्यों को पूर्ण करने के लिए संवेदकों से टीमों की संख्या बढ़ाने की बात कहते हुए जिले में अवैध कनेक्शन हटाने के अभियान को सुचारू रखते हुए सभी ब्लॉकों में काम तेजी से किये जाने के निर्देश दिए ताकि जन समुदाय की पेयजल वितरण संबंधित शिकायतों का समाधान किया जा सकें। उन्होंने संवेदक एफआर प्रोजेक्ट के ग्राम पोषाणा व जोधावास में टंकी के निर्माण की समस्या का समाधान शीघ्र करने की बात कही तथा संवेदकों को सड़कों की रिपेयरिंग का कार्य तीव्र गति से करने के लिए निर्देशित किया।

बैठक में डीडब्ल्यूएसएम के सदस्य सचिव पीएचईडी के अधीक्षण अभियंता, वृत जालोर संजय शर्मा ने गत बैठक की पालना रिपोर्ट व जल जीवन मिशन की प्रगति रिपोर्ट पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत करते हुए बताया कि जिले में नर्मदा परियोजना के डीआर, ईआर, एफआर, सीलू-जैसला-भाटकी तथा ओटीएमपी योजनाओं के अंतर्गत जिले के 793 गांवों के घरों में कुल 3,17,283 नल कनेक्शन दिये जाने प्रस्तावित है । इसमें वृहद परियोजना अंतर्गत 3,03,982 लक्ष्य की तुलना में 1,34,222 तथा ओटीएमपी योजनाओं अंतर्गत 13,301 लक्ष्य की तुलना में 11,890 तक नल कनेक्शन जोडे.जा चुके है।

बैठक में जलसंसाधन विभाग से अधिशासी अभियंता बिजेश कुमार, क्षेत्रीय वन अधिकारी भागीरथसिंह, शिक्षा विभाग से नवीश माथुर, भूजल विभाग से गणपतलाल, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिशासी अभियंता व तकनीकी सहायक जितेन्द्र त्रिवेदी, अधिशासी अभियंता खण्ड भीनमाल हेमन्त वैष्णव, अधिशासी अभियंता खण्ड जालोर एसबी बैरवा, अधिशासी अभियंता परियोजना खण्ड भीनमाल बलवीर सैनी, अधिशासी एवं त.स. परियोजना दिलीप गोपलानी, अधिशासी अभियंता परियोजना खण्ड सांचौर से गिरीश कुमार व भूरसिंह मीणा, सहायक अभियंता जालोर ग्रामीण बीएन शर्मा, जिला सलाहकार डीएसयू दीपक कुमार, आईएसए से अशोक कुमार, टीपीआई जेजेएम से बी.एस.यादव तथा पीएचईडी परियोजना के संवेदक एसपी यादव, एलएन यादव सहित संवेदक आदि उपस्थित रहे।

आयुर्वेद वि.वि. में शिविर

जोधपुर, (कासं)। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर के मानव संसाधन विकास केंद्र (सीएचआरडी) द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में निरंतर क्षमता निर्माण कार्यक्रम (कंटिन्यूइंग कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम - सीसीबीपी) का शुभारंभ आज हुआ। यह कार्यक्रम 14 जून 2025 तक चलेगा।

उद्घाटन सत्र में प्रोफेसर श्रीकृष्ण शर्मा खांडल ,पूर्व प्रोफेसर, रोग एवं विकृति विज्ञान स्नातकोत्तर विभाग, एनआईए, मानित विश्वविद्यालय, जयपुर ने मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया। कार्यक्रम के मध्याह्न सत्र में प्रोफेसर कमलेश शर्मा, प्रो-वाइस चांसलर, जयोति विद्यापीठ महिला विश्वविद्यालय, जयपुर द्वारा कल, आज और कल! विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। कुलपति प्रोफेसर वैद्य प्रदीप कुमार प्रजापति ने अपने उद्बोधन में कार्यक्रम की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। इंटरनेशनल योगा दिवस के उपलक्ष्य में ''कर्टेन रेजर'' प्रोग्राम'' एवं विश्व विद्यालय के न्यूज़ लेटर का विमोचन किया गया। प्रोफेसर कमलेश शर्मा ने कर्टेन रेजर प्रोग्राम की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की।

1045.2025